<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस पर कार्यशाला आयोजित</u>

पन्तनगर। 20 मई 2023। विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग एवं मौन पालन शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर मधुमक्खी पालन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि मधुमक्खियों की कार्यशैली से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि इसमें रानी मधुमक्खी और अन्य का कार्य पूर्णतः अनुशासित होता है। साथ ही उन्होंने मानव जीवन में शहद के महत्व तथा मधुमक्खियों का विभिन्न फसलों में परागण के द्वारा उपज को बढ़ाने में भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजू कपूर, निदेशक पब्लिक एवं इंडस्ट्री अफेयर्स, एफ.एम.सी., इण्डिया प्रा.लि. द्वारा कार्यशाला के आयोजन की सराहना की गयी तथा विश्व स्तर पर शहद के विभिन्न उत्पादों के बारे में प्रकाश डाला गया साथ ही मधुमक्खी पालन में महिलाओं के योगदान एवं उनके सशक्तिकरण में एफ.एम.सी. द्वारा किये जा रहे वित्तीय सहायता के बारे में भी बताया। निदेशक शोध डा. अजीत सिंह नैन द्वारा प्रदेश, देश एवं विश्व स्तर पर शहद उत्पादन की वर्तमान स्थिति, भारत द्वारा विभिन्न देशों में शहद के निर्यात आदि के बारे में प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के आयोजक डा. प्रमोद मल, विभागाध्यक्ष, कीट विज्ञान विभाग द्वारा सभी अतिथियों, उपस्थित संकाय सदस्य, विद्यार्थियों एवं कृषकों का स्वागत किया। इस कार्यशाला में मधुमक्खी पालन करने वाले कृषक भी भाग लिए जिनको कि मधुमक्खी पालन के बारे में तकनीकी जानकारी दी गयी।

कार्यशाला में मंचासीन कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।